तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

रुचि और योग्यता के अनुरूप करें लक्ष्य का निर्धारण





खबर संक्षेप

जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 को

जांजगीर-चांपा। जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 31 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से जिला पंचायत कार्यालय, जांजगीर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 7 दिसंबर तक बिलासपुर में संभावित है।

सार्वजनिक स्थान पर हथियार लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

चांपा। सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से तलवारनुमा लोहे का धारदार हथियार जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सोमवार 26 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि चांपा के रानी रोड निवासी कमलेश कुमार देवांगन उम्र 46 वर्ष द्वारा तलवार लेकर लोगों को डरा रहा है। हथियार रखने के संबंध में वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया।

हसौद बाजार का मामला, दो दिन बाद वीडियो हो रहा वायरल, उठे सवाल

नकली नोट के संदेह में दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

क्षेत्र में नकली नोट खपाने के प्रयास का मामला सामने आया है। हसौद में नकली नोट खपाने का प्रयास करते दो युवकों ने व्यापारी और वहां मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। युवकों के कब्जे से 500 के दो वह 100 के एक जाली नोट मिलने का दावा किया गया है। पकड़े गए युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इधर पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। जिससे क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल भी उठ रहे है। मामले का वीडियो भी दो दिन बाद तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हसौद के बजरंग चौक स्थित एक डेलीनीड्स दुकान में नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहे दो युवकों को स्थानीय युवकों ने धर दबोचा और हसौद पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों ने पूछताछ में खुद को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कोसीर कहरापारा निवासी बताया। दोनों युवक होंडा एक्टिवा से हसौद पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तलाशी के दौरान एक युवक की जेब से 500 रुपये के दो और 100 रुपये का एक कुल 1100 रुपये के नकली नोट मिलने का दावा किया गया है। दोनों युवक सबसे पहले हसौद के गोड़धोवा तालाब के पास अपनी स्कूटी खड़ी कर बजरंग चौक स्थित डेलीनीड्स दुकान पहुंचे। दुकान से दो बिस्किट खरीदे और भुगतान के लिए दुकान संचालक को 100 रुपये का नोट थमाया। नोट हाथ में लेते ही दुकानदार को कागज की गुणवत्ता और रंग को लेकर शक हुआ। उसने बारीकी से जांच की तो नोट नकली निकला। दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार और ग्राहक जुट गए। भीड़ ने दोनों युवकों को घेर लिया और तलाशी ली। तलाशी में और नकली नोट मिलने की बात सामने आने पर हंगामा और बढ़ गया। स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़कर हसौद थाने को सूचना दी और नकली नोटों के साथ पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में पुलिस ने दो युवकों को छोड़ दिया। इधर इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।



वीडियो में वायरल हो रहा नोट को रखा व्यक्ति।

पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

इधर इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों युवकों को थाने लाने के कुछ घंटे बाद ही बिना किसी ठोस कार्रवाई के छोड़ दिया गया। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि पुलिस ने नकली नोटों को विधिवत जब्त किया या नहीं, इस संबंध में जब हसौद थाना प्रभारी विंटन साहू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है, वे मर्डर वाले मामले में व्यस्त थे । थाना प्रभारी के इस जवाब के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर और सवाल खड़े हो गए हैं।

त्योहारी सीजन में चलाने की कर रहे थे कोशिश

स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में बाजार में भीड़ ज्यादा रहती है और इसी का फायदा उठाकर नकली नोट खपाने वाले गिरोह सक्रिय हो जाते हैं। ग्राहक बनकर दुकान में आते हैं, छोटा सामान खरीदते हैं और बड़ा नोट देकर असली नोट के साथ छुट्टा लेकर फरार हो जाते हैं। हसौद समेत धमनी, कोसीर और आसपास के क्षेत्रों में इस तरह के गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आ रही है। घटना के बाद दुकानदारों में दहशत है और वे लेनदेन में अतिरिक्त सतर्कता बरतने लगे हैं।

लेंगे जानकारी

हसौद में नकली नोट संबंधी मामले और वीडियो वायरल होने की जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

-रामगोपाल गर्ग
आईजी
बिलासपुर रेंज

केक-बिस्किट दुकान में लगी भीषण आग

4 लाख से अधिक का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

केक -बिस्किट दुकान में लगी आग से दुकान संचालक को चार लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 26 अक्टूबर सुबह की है। शिवरीनारायण थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तनौद ज्ञानेन्द्र कुमार पिता गोरेलाल साहू उम्र 25 वर्ष केक बिस्कुट दुकान का संचालन करता है। सोमवार सुबह 10 बजे केक बिक्री दुकान में अचानक आग लग गई।बताया जा रहा है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखे तीन नग फ्रिज, केक, बिस्किट, टीवी, फ्रीजर और अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।पीड़ित दुकानदार के अनुसार इस आगजनी में 4 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लाखों का सामान जल चुका था। फिलहाल थाना शिवरीनारायण में इसकी सूचना दी गई है। पुलिस आगजनी के कारणों का पतासाजी में जुट गई है।



दुकान में लगी आग को देखने पहुचे लोग।

सूने मकान में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात पार

बम्हनीडीह। क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां दशहरा उत्सव मनाने परिवार सहित गांव गए बीडीसी के भाई के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेत कुल 65 हजार रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना की शिकायत बम्हनीडीह थाने में दर्ज कराई गई है।

खास बात

- बम्हनीडीह थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर का मामला

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर के निवासी बाबूलाल केंवट, जो फास्ट फूड की दुकान संचालित करते हैं। इस दौरान 22 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाने अपने परिवार के साथ ग्राम सोनाईडीह गए थे। रात करीब एक बजे जब वे वापस घर लौटे, तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जांच करने पर अलमारी का ताला भी टूटा पाया गया। पीड़ित के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे सोने के आभूषण, चांदी की पायल और नकदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में सोने की फुल्ली लगभग 9 नग, एवं सोने का मंगलसूत्र लगभग 8 ग्राम और करीब 27 से 28 तोला वजन की तीन जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं। इसके अलावा 40 हजार रुपये नकद भी गायब मिले। 65 हजार की संपत्ति चोरी होने का उल्लेख - पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, चोरी गए सोने के आभूषणों की कीमत लगभग 10 हजार रुपये, चांदी की पायल की कीमत 15 हजार रुपये और नकदी 40 हजार रुपये बताई गई है। इस तरह चोरी गई संपत्ति का कुल मूल्य 65 हजार रुपये दर्ज किया गया है। पीड़ित ने 23 अक्टूबर को घर लौटने पर चोरी की जानकारी मिलने के बाद बम्हनीडीह थाने में आवेदन देकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



खबर संक्षेप

नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान



केरा। समाज को नशे की बुराई से मुक्त करने और लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नवीन शासकीय महाविद्यालय केरा के छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत केरा में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। यह जागरूकता अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार चंदेल के संरक्षण एवं कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत विद्यार्थियों ने गांव में दीवार लेखन कर नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। दीवार लेखन के माध्यम से आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। अभियान में बीए प्रथम सेमेस्टर के प्रिंस धीवर, नंदनी धीवर एवं सुमन यादव तथा बीएससी तृतीय सेमेस्टर की चंदा साहू ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाई। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि इससे परिवार और समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में युवाओं की भागीदारी से संचालित जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दीवार लेखन जैसे माध्यमों से लोगों तक संदेश पहुंचाना जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी प्रयास है। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से जोड़ने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नशामुक्ति अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ ही ग्रामीण समुदाय को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य लोगों में नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।

शिव महिमा का वर्णन सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



चांपा। द मॉडर्न विलेज चांपा में बिरथरे परिवार के सौजन्य से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का तृतीय दिवस भगवान शिव की महिमा और शिव-पार्वती विवाह के पावन प्रसंग को समर्पित रहा। कथा वाचिका सविता गोस्वामी ने अपनी अमृतमयी वाणी में भगवान शिव के वैराग्य, माता पार्वती की कठोर तपस्या और उनके विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान सजाई गई शिव-पार्वती विवाह की जीवंत झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। झांकी में काजल ने भगवान शिव और प्रिया ने माता पार्वती का स्वरूप धारण किया। भगवान शिव की जटाएं, त्रिपुंड और डमरू तथा माता पार्वती का पारंपरिक शृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। पंडित सुनील गोस्वामी सहित अन्य पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और मंगलाष्टक के साथ विवाह की रस्में संपन्न कराईं। शिव-पार्वती द्वारा वरमाला पहनाने के दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।सविता गोस्वामी ने कामदेव दहन, माता पार्वती की अटूट निष्ठा और उनकी तपस्या के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को विश्वास, धैर्य और समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिव का अर्थ कल्याण है। अहंकार का त्याग कर भगवान शिव के चरणों में समर्पित होने वाले व्यक्ति का कल्याण होता है। माता पार्वती अटूट श्रद्धा की प्रतीक हैं और श्रद्धा के बिना शिव की प्राप्ति संभव नहीं है।कथा स्थल को फूलों से सजाया गया था। महाआरती में प्रकाश मनवानी, पं. नीलमणि गौरहा, गोपाल मित्तल, राजा, यज्ञनारायण, चंद्रकुमार जायसवाल, अशोक सोनी, कैलाश कसेर, राजेश अग्रवाल, सुश्री शिवांगी, श्रीयांजली, शिवगी पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत जैजैपुर में पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता शिविर आयोजित

हर बच्चे का बचपन सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी : खलखो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और अन्य प्रकार के दुर्व्यवहार से बचाने तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को शासकीय

- विद्यार्थियों को बताए अधिकार और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय



जागरुकता शिविर में विद्यार्थियों को जानकारी देते न्यायाधीश।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर में पॉक्सो एक्ट, 2012 पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल संरक्षण कानून, व्यक्तिगत सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।

अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान 'सुरक्षित बचपन अभियान' के प्रथम चरण के अंतर्गत आयोजित शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति जैजैपुर के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश राजेश खलखो ने कहा कि स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने और भयमुक्त बचपन जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे का बचपन सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवार, विद्यालय और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के शोषण या दुर्व्यवहार की स्थिति में समय रहते उचित कदम उठाया जा सके। न्यायाधीश राजेश खलखो ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे, चाहे वह लड़का हो या लड़की, को यौन शोषण, यौन उत्पीड़न और अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक लिंग-निरपेक्ष कानून है, जिसके अंतर्गत सभी बच्चों को संरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में इस कानून में संशोधन कर गंभीर यौन अपराधों के लिए दंड के प्रावधानों को और कठोर बनाया गया। इसका उद्देश्य बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाना और अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना है। अधिकार मित्र लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम और उसके नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। बच्चों को समय पर न्याय दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विशेष पॉक्सो न्यायालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि बाल यौन शोषण की घटनाओं को रोकने के लिए अनिवार्य रिपोर्टिंग का प्रावधान महत्वपूर्ण है। संबंधित मामलों की जानकारी छिपाने या रिपोर्ट नहीं करने पर कानून के तहत कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं, बच्चों के अधिकारों और पात्र जरूरतमंदों को उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी दी। अधिकार मित्र भगवती भारद्वाज ने बताया कि पीड़ित बच्चों को सहायता उपलब्ध कराने, उनके पुनर्वास और न्याय की प्रक्रिया में सहयोग देने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। पात्र मामलों में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने सभी से बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी बच्चे के साथ उत्पीड़न या दुर्व्यवहार की आशंका होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने की अपील की। उन्होंने बताया कि संकटग्रस्त बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा निःशुल्क विधिक सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। समय पर सूचना मिलने से बच्चों को आवश्यक सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नंदलाल साहू ने विद्यार्थियों को कानून का पालन करने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शबरी की भक्ति और श्रीराम का प्रेम सामाजिक समरसता का आदर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



श्री आनंदम धाम में आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव में सदगुरु ऋतेश्वर ने माता शबरी की भक्ति को सामाजिक समरसता का आदर्श बताते हुए प्रेम, सद्भाव और गुरु-निष्ठा से राष्ट्र के उत्थान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जाति-पांति, ऊंच-नीच और आपसी वैमनस्य से विभाजित समाज को जोड़ने के लिए भगवान श्रीराम और माता शबरी के प्रसंग से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, "शबरी के बेर चखकर भारत के बैर मिटेंगे और भारत का उत्थान होगा।"माता शबरी की गुरु-निष्ठा का उल्लेख करते हुए गुरुदेव ने कहा कि मतंग ऋषि के वचनों पर अटूट विश्वास रखकर शबरी ने वर्षों तक भगवान श्रीराम की प्रतीक्षा की। वे प्रतिदिन मार्ग की सफाई कर प्रभु के आगमन की तैयारी करती थीं। भगवान श्रीराम ने उनकी जाति या सामाजिक स्थिति नहीं, बल्कि निर्मल प्रेम और भक्ति को महत्व दिया। यही संदेश समाज में भेदभाव मिटाकर समरसता स्थापित करने का आधार बन सकता है। गुरुदेव ने छत्तीसगढ़ में ऐसे विशिष्ट केंद्र की परिकल्पना व्यक्त की, जहां प्राकृतिक चिकित्सा, वैदिक अध्ययन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा का समन्वय हो। उन्होंने

- श्री आनंदम धाम में मनाया गया शरद पूर्णिमा महोत्सव

कहा कि सनातन संस्कारों से जुड़े बच्चों को वेदों के ज्ञान के साथ आधुनिक विज्ञान और तकनीक में भी दक्ष बनाना जरूरी है, ताकि वे संस्कारवान होने के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। प्रकृति आधारित चिकित्सा की विशेष व्यवस्थाओं से युक्त इस केंद्र को देशभर के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की भी कल्पना है। संत ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि अयोध्या मर्यादा, वृंदावन-मथुरा प्रेम और काशी ज्ञान की भूमि है। इन आदर्शों के साथ छत्तीसगढ़ के युवाओं के ज्ञान-विज्ञान तथा किसानों और श्रमिकों के पुरुषार्थ का समन्वय हो जाए, तो भारत की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा, "हम भूमि के स्वामी नहीं, भूमि के पुत्र हैं।" छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति सम्मान और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा की परंपरा को उन्होंने पूरे देश के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रुचि और योग्यता के अनुरूप करें लक्ष्य का निर्धारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध विकल्पों और करियर की संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं और भविष्य में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और प्रतिभा पहचानकर करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा (गुजरात), एमिटी विश्वविद्यालय, आईटीएम विश्वविद्यालय, के.के. मोदी विश्वविद्यालय तथा कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

- गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में करियर काउंसलिंग, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों ने बताए उच्च शिक्षा के अवसर

इस दौरान पारुल विश्वविद्यालय से प्रदीप गुप्ता, एमिटी विश्वविद्यालय से अजीत सिंह एवं अनुज शुक्ला, आईटीएम विश्वविद्यालय से सुरेश कुमार साहू एवं मिथलेश कुमार ध्रुव, के.के. मोदी विश्वविद्यालय से मोहसिन खान तथा कलिंगा विश्वविद्यालय से सुश्री राशि टाटिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने-अपने संस्थानों की शैक्षणिक विशेषताओं, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, उपलब्ध सुविधाओं और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल अच्छे अंक प्राप्त करना ही सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपनी रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप करियर चुनना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को विषय चयन, पाठ्यक्रमों की उपयोगिता, व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराते हुए सलाह दी गई कि उच्च शिक्षा के लिए किसी विषय, पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय का चयन करते समय अपनी शैक्षणिक योग्यता, भविष्य की योजनाओं और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखें। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रत्यक्ष संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र रहा। विद्यार्थियों ने दसवीं और बारहवीं के बाद विषय चयन, विभिन्न पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश प्रक्रिया तथा भविष्य में करियर की संभावनाओं से जुड़े सवाल पूछे। विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन पर स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल तथा निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल,विद्यालय के प्राचार्य पुष्पेंद्र कुमार राणा, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल एवं शतनिष अग्रवाल ने विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रशासक विपिन गुप्ता ने भी आयोजन को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में नाबालिग को शादी का झांसा देकर अनाचार करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर को पीड़िता ने बम्हनीडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिसौछ निवासी करन कुमार सूर्यवंशी ने शादी करने का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- ग्राम रोगदा में आंगनबाड़ी भवन का सभापति ने किया शुभारंभ



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित बच्चे।

जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रोगदा में बच्चों के बेहतर भविष्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। ग्राम रोगदा में 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि नवनिर्मित भवन के शुभारंभ से गांव में आंगनबाड़ी सेवाओं के संचालन के लिए बेहतर आधारभूत सुविधा उपलब्ध होगी। इससे स्थानीय बच्चों को सुविधाजनक वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण संबंधी सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला माने जाते हैं। इन केंद्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनके पोषण, स्वास्थ्य और शारीरिक एवं मानसिक विकास पर ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता बढ़ाने में भी आंगनबाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम रोगदा में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण होने से केंद्र के संचालन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हुआ है। नए भवन से बच्चों को बैठने, सीखने और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए सुविधाजनक वातावरण मिल सकेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच रमेश कश्यप, परियोजना अधिकारी पंकज शुक्ला,पंच जगदीश साहू, पंच मेला राम कश्यप, पंच भगवानी कश्यप, शिक्षक प्रदीप खरशन, प्रिया अजय, अश्विनी कौशिक, उषा डहरिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर मनाया गया कृपालु महाराज का प्राकट्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जगद्गुरु कृपालु महाराज की कृपा पात्र रासेश्वरी देवी के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जगद्गुरु कृपालु महाराज जी का प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जांजगीर में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक सी-मार्ट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी साधक पारंपरिक एवं सांस्कृतिक वेशभूषा में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान सुश्री कृष्णा दीदी एवं वंदना दीदी ने साधकों को रूप ध्यान की विधि समझाई। उन्होंने साधकों को अपने इष्ट से अंतःकरण के माध्यम से जुड़ने और भक्ति भाव के साथ ध्यान करने का मार्ग बताया। इस दौरान साधकों ने श्रद्धा के साथ आध्यात्मिक साधना में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि रासेश्वरी देवी के सानिध्य में जांजगीर में 14 दिनों तक उपनिषद ज्ञान अमृत प्रवचन का आयोजन किया गया था। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यहां साधकों द्वारा प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से नाम संकीर्तन का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन से जुड़ते हैं। महोत्सव के क्रम में संध्याकाल जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निवास पर दिव्य सत्संग, संकीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान साधकों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु का स्मरण किया और आध्यात्मिक वातावरण में सहभागिता निभाई। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी साधकों ने अमृत खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

- सी-मार्ट में विशेष कार्यक्रम किया गया आयोजित, 200 से अधिक साधकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

प्रधानमंत्री मोदी पर कथित टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सोमवार को जांजगीर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौक पर खड़गे का पुतला दहन कर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री पद की गरिमा के सम्मान की मांग उठाई। भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति भाषा की मर्यादा बनाए रखना प्रत्येक राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शालीनता, संयम और संवैधानिक पदों की गरिमा का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा की जाने वाली कथित अमर्यादित टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसी भाषा देश की राजनीतिक संस्कृति को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपमानजनक और असम्मानजनक भाषा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुलाब सिंह चंदेल, नंद चौधरी, नंदिनी राजवाड़े, धनंजय सिंह, आशुतोष गोस्वामी, रजनी सत्तू साहू, पंकज अग्रवाल, लक्ष्मी चंद देवांगन, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, भाजयुमो जांजगीर मंडल अध्यक्ष सोनू यादव, पुष्पेंद्र निर्मलकर, देवव्रत उपाध्याय, संतोषी सिंह, दिग्विजय सिंह, अभिषेक पांडे, ललित कश्यप, शिव चमन सिंह ठाकुर, दिनेश राठौर, छबि कश्यप, रोहित कुलदीप यादव, कमल राठौर, चुनीलाल राठौर, गोलू दूबे, प्रदीप राठौर, गजेंद्र सिंह, मनोज सोनवानी, निहाल विश्वकर्मा, लव देवांगन, रितेश राठौर, राहुल सेन, हरि सोनवानी, कालू सेन, रिया यादव, मिंटू कहरा, अजय कौशिक, विजय छत्रपाल, प्रमोद कश्यप, चंद्रकांत रात्रे सहित भाजयुमो जांजगीर मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- कांग्रेस नेताओं की भाषा पर जताया तीखा आक्रोश



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
चांपा, दिनांक 15/10/2026
ईश्तहार/उद्घोषणा
सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :- आवेदकगण सीताराम अग्रवाल पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल वगैरह निवासी तिल्दा नेवरा बाजारपारा तहसील तिल्दा नेवरा छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 05 ए. भू-खण्ड क्रमांक 77 क्षेत्रफल 159 वर्गमीटर भूमि/मकान निर्मित है, जो नजूल अभिलेख में अनावेदकगण/अनावेदकगण के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसमें नूनादेवी पिता स्व. बैजनाथ की मृत्यु दिनांक 05.01.2024 को हो गयी हैं आवेदक की माता ने अपने जीवन काल में दिनांक 19.11.2019 को शपथ पत्र निष्पादित किया था कि वादभूमि में वर्षों पूर्व बंटवारा हो गया था मेरा वाद भूमि कोई हक एवं हिस्सा नही है। आवेदकगण अपने माता द्वारा निष्पादित पत्र से पूर्णतः सहमत है। अतः आवेदक ने वाद भूमि भूमि से नूनादेवी पिता स्व बैजनाथ का नाम विलोपित किये जाने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति/ दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/ दावा दिनांक - 03/11/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनाक 15/10/2026 को जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
चांपा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
चांपा, दिनांक 15/10/2026
ईश्तहार/उद्घोषणा
सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :- आवेदक अशोक कुमार अग्रवाल पिता दुर्गा प्रसाद अग्रवाल निवासी निवासी भाठापारा जिला बलौदा बाजार छ.ग. द्वारा चांपा स्थित भूमि नजूल शीट कमांक 05 ए. भू-खण्ड क्रमांक 77 क्षेत्रफल 159 वर्गमीटर भूमि/मकान निर्मित है, जो नजूल अभिलेख में अनावेदकगण/अनावेदकगण के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है। जिसमें गीता देवी पिता स्व. बैजनाथ की मृत्यु दिनांक 24. 12.2022 को हो गयी हैं आवेदक की माता ने अपने जीवन काल में दिनांक 16.11.2019 को शपथ पत्र निष्पादित किया था कि वादभूमि में वर्षों पूर्व बंटवारा हो गया था मेरा वाद भूमि कोई हक एवं हिस्सा नही है। आवेदक अपने माता द्वारा निष्पादित पत्र से पूर्णतः सहमत है। अतः आवेदक ने वादभूमि भूमि से श्रीमती गीतादेवी का नाम विलोपित किये जाने सहपत्रों आवेदन पत्र धारा 109, 110 अंतर्गत सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे अपना दस्तावेजी आपत्ति/दावा दिनांक 03/11/2026 तक इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनाक 15/10/26 को जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
चांपा

// आम सूचना //
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रवीण कुमार गोयल पिता शिवचरण गोयल वगैरह के द्वारा ग्राम बलौदा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. व तह. बलौदा में अवस्थित भूमि ख.नं. 3029/1 रकबा 0.2900 हेक्टे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों पर कमलेश कुमार केसरी वगैरह पिता स्व. बेदराम जाति सतनामी सा.नि. बलौदा के नाम पर भूमि स्वामी पर अभिलिखित है जिसकी चतुर्सीमा उत्तर में देवार मोहल्ला, दक्षिण में फेकन दाऊ की भूमि, पूर्व में खोलबहरा का खेत तथा पश्चिम में सौरभ गोयल की भूमि अवस्थित है। उपरोक्त भूमि को उचित बयाना राशि अदा कर विक्रय करने का पक्का सौदा किया जा चुका है जिसका निकट भविष्य में पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित किया जाना है। उक्त विक्रय संव्यवहार पर जिस किसी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, समिति को दावा आपत्ति हो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद में पेश दावा आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।
सो सूचना जाने !
// धन्यवाद //
स्थानः- बलौदा
दिनांकः 27.10.2026
भवदीय
सुनील कुमार श्रीवास अधिवक्ता बलौदा
कंकालिन पारा वार्ड क्र. 15 बलौदा
जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.
मो.:- 7999920295



किंग में शाहरुख के खूंखार लुक ने मचाया तहलका

मुंबई। शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी होने वाली है। 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली उनकी एक्शन फिल्म 'किंग' के 17 सेकंड के नए टीजर में वे काफी रफ और खूंखार लुक में नजर आ रहे हैं। 'किंग' के नए वीडियो में शाहरुख खान के बाल सफेद-काले हैं, होंठ से खून बह रहा है और उन्होंने अपने दांतों के बीच 'किंग ऑफ स्पेड्स' यानी हुकुम का इक्का कार्ड दबा रखा है। काउंटडाउन वीडियो के आखिर में लिखा आता है- 'पिक्चर अभी बाकी है!' जो उनकी फिल्म 'ओम शांति ओम' के उस यादगार डायलॉग की याद दिलाता है। 'किंग' के नए काउंटडाउन वीडियो में आपको शाहरुख खान का खूंखार लुक देखने को मिलेगा।

लाइफ Style

अदिति

अदाकारी के साथ ग्लैमर्स का बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म गजब रात को रिलीज किया गया। क्राइम थ्रिलर के तौर पर गजब रात की सिनेमाई गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

ठीक उसी तरह से इस ओटीटी मूवी में महिला पत्रकार आर्या साहनी का किरदार निभाने वाली अदाकारा का नाम भी लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फिल्म गजब राज को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। साथ ही जिस तरह से इस मूवी में आर्या साहनी का किरदार अभिनेत्री अदिति संध्या शर्मा ने निभाया है, उसकी भी प्रशंसा हर कोई कर रहा है। अदिति ने अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ ग्लैमर्स का जलवा भी बखूबी बिखेरा है।गजब रात में अदिति महिला पत्रकार आर्या साहनी के मजबूत कैरेक्टर में नजर आई हैं और इस ओटीटी मूवी की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। आपको बता दें कि अदिति रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वालीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखने से वह मिसे छत्तीसगढ़ का ब्यूटी कॉन्सेस्ट अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म गजब रात से पहले वह अभिनेता शाहिद कपूर की क्राइम थ्रिलर देवा में अहम किरदार निभाते हुई नजर आई हैं। इसके अलावा सुपरस्टार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर में भी अदिति मौजूद रहीं। इतना ही नहीं वह रणबीर सिंह के साथ एक टीवी ऐड में दिखाई दे चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



स्विफ्ट-केल्सी के तलाक पर ली चुटकी

नई दिल्ली। एक लाइक ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्सी ने 'सैटरडे नाइट लाइव' शो में शेन गिलिस के उस मोनोलॉग की क्लिप को लाइक किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के जिम में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस वायरल क्लिप के बाद शेन गिलिस को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। अब हाल ही 'बारस्टूल स्पोर्ट्स' ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधते हुए ट्रैविस केल्सी के साथ उनके तलाक को लेकर मजाक उड़ाया।



डेनियल की जगह लेने की रेस में शामिल दो सितारे

नई दिल्ली। 15 साल के लंबे सफर में डेनियल क्रेग ने लगभग 5 फिल्मों में जेम्स बॉन्ड का किरदार अदा किया। हॉलीवुड अभिनेता को इस भूमिका में इतना प्यार मिला कि जब डेनियल ने 'नो टाइम टू डाई' के बाद जेम्स बॉन्ड को अलविदा कहा तो फैंस का दिल टूट गया। जेम्स बॉन्ड के आइकॉनिक किरदार के लिए अमेजन एमजीएम स्टूडियो एक लंबे समय से नए चेहरे की तलाश कर रहा था। दुनिया के मोस्ट फेमस जासूस जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए कई बड़े हॉलीवुड एक्टर्स में होड़ है। रिपोर्ट्स की मानें तो रॉम-कॉम 'वन नाइट ओनली' में नजर आए 'कैलम टर्नर' और 'स्लो हॉर्सेस' के अभिनेता 'जैक लोडेन' जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जिनका इस किरदार के लिए स्क्रीन टेस्ट हो रहा है। ये स्क्रीन टेस्ट लंदन में इस वीकेंड पर हो रहा है।



'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी राशि

मुंबई। साउथ की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है और सेट से कुछ झलकियां शेयर करते हुए खुशी जताई है। राशि खन्ना ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। साथ ही लंबा नोट लिखा है। राशि ने लिखा है, 'हर फिल्म की एक कहानी स्क्रीन पर होती है, लेकिन कभी-कभी असली मजा तब आता है, जब कैमरा चल नहीं रहा होता'। अभिनेत्री ने आगे लिखा है,'फिल्म 'मौजा ही मौजा' उन शूट्स में से एक था, जो काम से ज्यादा छुट्टी जैसा लगा। बिना रुके हंसी से लेकर लूडो गेम्स, डंब चारेड्स, कैरम मैच और बीच-बीच में होने वाले सारे पागलपन तक, कभी कोई पल बोरिंग नहीं था'।



रामायण का नया गाना मंगल रंग जारी

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को रिलीज हो गया है। इसमें दर्शकों को भगवान राम और माता सीता के रूप में रणबीर कपूर और साई पल्लवी की झलक देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने आवाज दी है। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इससे पहले चेन्नई में हुए एक लॉन्च इवेंट में भी इस गाने को दिखाया गया था, जहां इसके संगीत और दृश्यों ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया। 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में 'मंगल रंग' एक और शानदार संगीतमय आकर्षण जोड़ता है। 25 अक्टूबर को जारिए किए गए 'मंगल गीत' गाने में राम और सीता के विवाह को दर्शाया गया है।

टीवी मसाला



करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

नई दिल्ली। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप के3जी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी कपूर एक मजेदार खुलासा करती हैं।

गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

नई दिल्ली। सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैकेट मसाज'के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है।



परिणीति की सीरीज से हटाए गए अनूप के एक्शन सीन

अभिनेता अनूप सोनी हाल ही में नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' में नजर आए थे। इस सीरीज में परिणीति चोपड़ा और जेनिफर विंगेट भी अहम भूमिकाओं में थीं। शो में इंस्पेक्टर खुराना का किरदार निभाने वाले अनूप सोनी ने अब अपने कुछ सीन डिलीट किए जाने पर निराशा जाहिर की है।

मुंबई। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने डिलीट हुए सीन के वीडियो शेयर किए और बताया कि ऐसे सीक्वेंस तैयार करने में कितनी मेहनत लगती है, लेकिन कई बार इन्हें फाइनल कट में जगह नहीं मिल पाती। अनूप सोनी ने इंस्टाग्राम पर सीरीज से हटाए गए कुछ एक्शन सीक्वेंस की झलक दिखाई है।

एक वीडियो में घायल अनूप सोनी पर उनके को-स्टार विक्की अरोड़ा हमला करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक सीन में अनूप उनका गला दबाते दिखाई देते हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में एक्टर की कमर पर कैमरा बंधा हुआ है और वह हांफते हुए नजर आ रहे हैं। इन सीन्स को शूट करने के लिए एक्टर ने काफी मेहनत की थी, लेकिन इन्हें सीरीज के फाइनल वर्जन में शामिल नहीं किया गया। इन वीडियो को शेयर करते हुए अनूप सोनी ने लिखा, 'शक से खुराना साहब के कुछ ऐसे सीक्वेंस, जो फाइनल वर्जन का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे



सीक्वेंस तैयार करने में काफी सोच-विचार, समय, मेहनत और संसाधन लगते हैं। इसमें राइटर्स, डायरेक्टर, एक्शन कोरियोग्राफर, एक्टर्स, सिनेमैटोग्राफर, प्रोड्यूसर और पूरी क्रू टीम का योगदान होता है।' हालांकि, अनूप सोनी ने यह भी माना कि फिल्म मेकिंग में इस तरह के फैसले लेना आम बात है। उन्होंने आगे लिखा, 'जब कोई सीक्वेंस फाइनल कट में जगह नहीं बना पाता, तो थोड़ी निराशा जरूर होती है। लेकिन फिल्म मेकिंग में पूरी कहानी को ध्यान में रखना जरूरी होता है।

म्यूजिकल लव स्टोरी में आदित्य संग रोमांस करेंगी तारा, पहली बार साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री तारा सुतारिया जल्द ही बड़े पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों फिल्म निर्माता भूषण कुमार की आगामी इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। वहीं, शिव चानना को-प्रोड्यूसर के तौर पर फिल्म से जुड़े हैं।

नई दिल्ली। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और संगीत से भरपूर होने वाली है। खास बात यह है कि दर्शकों को आदित्य और तारा की नई ऑनस्क्रीन जोड़ी देखने को मिलेगी। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड में अपनी रोमांटिक फिल्मों के लिए खास पहचान रखते हैं। 'आशिकी 2' जैसी फिल्म में उनके अभिनय और रोमांटिक अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं तारा सुतारिया भी अपनी खूबसूरती, अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। ऐसे में दोनों को एक इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। इस प्रोजेक्ट में तारा 'मरजावां' के बाद भूषण कुमार और मिलाप मिलन जवेरी के साथ फिर से



काम कर रही हैं । उन्होंने पहले भी टी-सीरीज के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' में काम किया था और अब यह बैनर के साथ उनका तीसरा काम है। एक रॉ और इमोशनल लव स्टोरी के सेंटर में, इस फिल्म का मकसद लड़ाई और हाई-स्टेक ड्रामा के बैकग्राउंड में रोमांस को दिखाना है। निर्माताओं की योजना के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होगी और इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म के आधिकारिक नाम और रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की यह नई रोमांटिक जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों का दिल जीतने में कितनी सफल होती है।

महिला किरदारों ने दिखाई ताकत, दर्शकों ने अपनाईं ये महिला केंद्रित फिल्में

मदर इंडिया से नई नवेली तक, कहीं जिद तो कहीं हौसले की उड़ान

नई दिल्ली। यामी गौतम स्टारर फिल्म 'नई नवेली' ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह मूवी 'प्रहार' जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई।



मदर इंडिया : नरगिस स्टारर 'मदर इंडिया' भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है। कहानी में ऐसा मोड़ भी आता है, जब राधा को अपने बेटे के खिलाफ कठोर फैसला लेना पड़ता है। नरगिस के दमदार अभिनय ने इस किरदार को अमर बना दिया। 'मदर इंडिया' सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी थी।

मिर्च मसाला : केतन मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिर्च मसाला' महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी है। फिल्म में स्मिता पाटिल ने सोनबाई का किरदार निभाया है, जो एक ताकतवर सूबेदार की बुरी नजरों का शिकार होती है। हालांकि, वह उसके सामने झुकने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला अपने सम्मान की रक्षा के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और पुरुष प्रधान व्यवस्था को चुनौती देती है। यह फिल्म महिला एकजुटता और सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देती है।

दामिनी : राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'दामिनी' एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ के लिए अपने परिवार और समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि ने दामिनी का किरदार निभाया है। दामिनी अपने घर में काम करने वाली एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म की गवाह बनती है और उसे न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। इस लड़ाई में उसे कई मुश्किलों, धमकियों और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वह हार नहीं मानती। यह फिल्म महिलाओं के साहस, न्याय और सच्चाई के लिए लड़ने की ताकत को दर्शाती है।

इंग्लिश विंग्लिश : श्रीदेवी स्टारर 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण गृहिणी के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की खूबसूरत कहानी है। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने शशि नाम की महिला का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार का पूरा ध्यान रखती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं बोल पाने के कारण उसे घर में ही मजाक का सामना करना पड़ता है। जब शशि अमेरिका जाती है, तो वह अंग्रेजी सीखने का फैसला करती है। लंबे अंतराल के बाद श्रीदेवी की इस फिल्म से वापसी हुई थी और उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

कहानी : विद्या बालन की 'कहानी' महिला प्रधान सस्पेंस फिल्मों की बेहतरीन मिसाल मानी जाती है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्या ने एक गर्भवती महिला का किरदार निभाया, जो अपने लापता पति की तलाश में कोलकाता पहुंचती है। फिल्म ने भारत में लगभग 51.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। कम बजट, मजबूत पटकथा और शानदार अभिनय के दम पर फिल्म सफल रही।

गंगूबाई काठियावाड़ी : संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने साबित किया कि बड़े बजट की फिल्म को सफल बनाने के लिए पुरुष सुपरस्टार का होना जरूरी नहीं है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई के किरदार में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

करनौद में अखंड नवधा रामायण का आयोजन आज से

तालदेवरी। ग्राम करनौद में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ 27 अक्टूबर मंगलवार को होगा। आयोजन समिति के अनुसार, अखंड नवधा रामायण पाठ के समापन के पश्चात 5 नवंबर गुरुवार को रात्रि में मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न मानस मंडलियां रामचरितमानस की चौपाइयों और भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को नकद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 6 नवंबर शुक्रवार को यज्ञ-हवन, पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा के साथ होगा। आचार्य के रूप में पं. भागीरथी पाण्डेय के द्वारा पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन संपन्न कराया जाएगा। सहयोगी महराज राजेश कुमार दुबे होंगे।

बाराद्वार में आज सजेगी सुरों की महफिल सुनील सोनी नाइट का रहेगा आकर्षण

बाराद्वार। नया बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 11 स्थित मुक्तराजा गढ़ में मंगलवार 27 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी संगीत के लोकप्रिय गायक सुनील सोनी नाइट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शाम 6 बजे से गढ़ प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिलेगा, जबकि रात 8 बजे से सुरों की महफिल सजेगी। एक ही आयोजन में प्रतियोगिता के रोमांच और छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का आनंद मिलने से नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़ी संगीत जगत में अपनी खास पहचान बनाने वाले गायक सुनील सोनी की प्रस्तुति कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगी। प्रतियोगिता को लेकर भी लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। इसके बाद रात 8 बजे से सुनील सोनी नाइट के तहत संगीत का कार्यक्रम शुरू होगा।

डभराखुर्द में अखंड नवधा रामायण आज से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम डभराखुर्द में मंगलवार 27 अक्टूबर से अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ किया जाएगा। मानस गान प्रतियोगिता बुधवार 4 नवंबर को रात्रि में रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 7000 रुपए रखा गया है। नवधा रामायण कथा का समापन एवं सहस्त्र धारा 5 गुरुवार नवंबर को होगा।

करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम 29 को

बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला भवन में गुरुवार 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में दसवीं एवं 12वीं और कॉलेज स्तर में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले और निशुल्क शिक्षा की ज्योति जलाने वाले का सम्मान किय जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर यूलेडन वॉर्क अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तुलाराम भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर कोरबा एवं मनोहर प्रताप सिंह जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा, रामेश्वर जायसवाल डीएमसी जांजगीर चांपा होंगे। अध्यक्षता बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में गगन जयपुरिया, निर्मल सिंहा, श्रीमती मोहन कुमारी साहू ,श्रीमती मनीषा चौहान,बसंत चतुर्वेदी, रमेश डडसेना, हरिराम जयसवाल, दुष्यंत सिंह ठाकुर,शुभम शुक्ला, राजेश्वरी कुशत चंद्रा, रितेश रमन सिंह ,के आर कश्यप, मनोज कुमार तिवारी, बुद्धेश्वर कश्यप एवं मणिलाल कश्यप और पीली बाई साहू उपस्थित रहेंगे।

निधन

श्रीमती आशा देवी केडिया

चांपा। स्थानीय रेलवे स्टेशन के सामने निवासी अग्रवाल समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी



स्व. जमुनाधर केडिया की पुत्रवधु और पी. डब्ल्यू. डी. कार्यालय के सामने स्थित यश प्लाई सेंटर के संचालक राजेंद्र केडिया की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी केडिया का सोमवार 26 अक्टूबर को सुबह बिलासपुर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 56 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती केडिया अपने पीछे पति एवं दो पुत्रों का परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को ही अपरान्ह 4.30 बजे कोरबा रोड स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं समेत सभी वर्गों के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र यश केड़िया ने दी।

श्रीमती सहोद्रा बाई राठौर

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड नं 11 के प्रतिष्ठित नागरिक



रामप्रसाद राठौर के धर्मपत्नी श्रीमती सहोद्रा बाई राठौर का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम रानी तालाब में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र सेवानिवृत्त शिक्षक चन्द्रप्रकाश राठौर ने दी। श्रीमती सहोद्रा बाई सूरज प्रकाश राठौर की माता थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु सहित नागरिकगण शामिल हुए।

कलेक्टर-एसपी ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने प्रशासन सख्त, ब्लैक स्पॉट में बढ़ेगी सुरक्षा, अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के संबंध में कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार 26 अक्टूबर को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में दुर्घटनाओं की आशंका वाले क्षेत्रों और चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा एवं सभी आवश्यक सुधार प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इन स्थानों पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, कैट आई और रम्बल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए। रात के समय बेहतर दृश्यता के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार सोलर लाइट लगाने के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया। बैठक में सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण कार्यों के दौरान जरूरत के मुताबिक रूट डायवर्सन की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन मार्गों पर वाहन चालकों को परेशानी न हो, इसके लिए यातायात संचालन की उचित योजना बनाई जाए। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर आवागमन में बाधा बन रहे अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आपसी तालमेल से काम करने को कहा गया। बैठक में सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या पर नियंत्रण, आवश्यक यातायात संकेतक लगाने तथा सुरक्षा उपायों की नियमित निगरानी करने पर भी चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालो पर कार्रवाई करनें के निर्देश। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दफ्तर में सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें, चंद कदमों पर अनदेखी

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के मुखिया कलेक्टर के साथ पुलिस कप्तान ने सुरक्षा मापदण्डों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खास बात यह है कि इस मोके पर जिम्मेदार विभाग के अफसरों ने भी हां में हां मिलाते हुए बड़ी-बड़ी बातें कही, परन्तु अफसोस कलेक्टर कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर पेण्ड्री रोड और मुख्य मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य में सुरक्षा को लेकर किसी का ध्यान नहीं गया। गौरतलब है कि पेण्ड्री से लेकर मेडिकल कॉलेज होते जिला पंचायत चौक तक सड़क चौड़ीकरण का काम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्य में सुरक्षा मापदण्ड को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरों ने आंखें मूंद ली है। सिंगल सड़क के दोनों ओर गड्ढा करने का काम जेसीबी लगाकर किया जा रहा है। यह कार्य बीते सप्ताहभर से जेसीबी ऑपरेटर द्वारा ही किया जा रहा है। अफसरों को यहां झांकने तक की फुर्सत नहीं है। स्थिति यह है कि सड़क के दोनों ओर खतरनाक तरीके से गड्ढा किया गया है। ऐसे में यहां हरपल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। खास बात यह है कि किसी प्रकार का सूचना पटल भी नहीं लगाया गया है। इस बारे में पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता का कहना है कि एक तरफ खुदाई करना था, लेकिन जेसीबी वाले ने दोनों तरफ की खुदाई कर दी। इसी तरह बीटीआई चौक से रेलवे ओव्हरब्रिज तक सड़क के बीचोबीच डिवाईडर बनाने का काम चल रहा है। यहां भी आगे और पीछे दो स्टापर लगा दिए गए है, लेकिन बीचोबीच किए गए गड्ढे पर किसी प्रकार घेरा अथवा रेडियम पट्टी नहीं लगाई गई है, जिससे रात में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

नो-पार्किंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई



अकलतरा। त्योहारों के दौरान बाजारों में जाम की समस्या से बचने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए सोमवार को थाना प्रभारी जय कुमार साहू के नेतृत्व में नो-पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ती रोहित सारथी भी मौजूद रहीं। शहर के व्यस्त बाजारों और संकरी सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग से जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ती है। थाना प्रभारी जय कुमार साहू ने नागरिकों से अपील की कि वे नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े न करें। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई के साथ ऑनलाइन चालान भी कट सकता है। वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें।वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ती रोहित सारथी ने भी नागरिकों से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस की इस पहल के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी भी जरूरी है, ताकि अकलतरा में जाम की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके।

..तो दागियों के भरोसे होगी धान खरीदी

जैजैपुर। शासन स्तर पर सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले ही धान खरीदी प्रभारी की नियुक्ति को लेकर दागियों को धान खरीदी प्रभारी बनाने का खेल भी जोरों पर चल रहा है। वहीं यहां से दागियों को धान खरीदी से पृथक रखने के मामले को लेकर भी एक पक्ष सक्रिय होकर उन दागियों के नाम को चिन्हित कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में देखा जा रहा है। इसमें जैजैपुर के ओड़ेकेरा के पूर्व धान खरीदी प्रभारी सबसे ऊपर है। 2025-26 में धान खरीदी प्रभारी ने जमकर अनियमितता करते हुए धान में गोटी पत्थर कंकड़ मिलाकर भ्रष्ट कृत्य को अंजाम दिया था एवं शासन को लाखों का चूना लगाया था। इसके साथ ही किसान के नाम पर फर्जी पंजीयन पर लाखों की धान खरीदी की थी एवं वर्ष 2013-14 में लाखों रुपए की अनियमितता के आरोप हैं। धान खरीदी प्रभारियों की नियुक्तियों को लेकर नोडल अधिकारी की भूमिका हमेशा चर्चा में रही है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जैजैपुर क्षेत्र के सेवा सहकारी समितियों में एक बार फिर से दागियों के भरोसे धान खरीदी की तैयारी चल रही है।

रबी के लिए पानी और बढ़े समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मांग को लेकर किसान हुए मुखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रबी फसल के लिए पानी और बढ़े समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मांग को लेकर किसान मुखर हो गए हैं। कृषक चेतना मंच के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान जिला

- एसडीएम कार्यालय पहुंचकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

मुख्यालय में एकजुट हुए। केरा रोड स्थित ठा. छेदीलाल बैरिस्टर भवन में बैठक के बाद किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने कहा कि जिले में रबी में धान की फसल के लिए जांजगीर-चांपा नहर में पर्याप्त पानी दिया जाए। जिन क्षेत्रों में रबी में फसल नहीं लगेगी वहां नहरों की साफ-सफाई बीबी-जी रामजी से कराई जाए और रबी कार्यक्रम के लिए उन क्षेत्रों का चयन किया जाए जहां रबी में धान नहीं लिया जा रहा है।किसानों ने प्रमुखता से मांग रखी कि आगामी धान खरीदी में विगत तीन वर्षों की बढ़ी हुई समर्थन मूल्य की राशि जोड़कर किसान उन्नति योजना के तहत 3358 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किया जाए। साथ ही धान खरीदी का पोर्टल अंतिम खरीदी तक चालू रखा जाए, किसी भी प्रकार का रकबा समर्पण न कराया जाए और किसानों पर दबाव न बनाया जाए। खड़ी फसल की जांच के बाद घर-घर जाकर प्रशासनिक दबाव की कार्रवाई बंद की जाए।इसके अलावा पूर्ववर्ती सरकार की राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया एक किश्त दीपावली से पहले देने, रबी के लिए खाद की व्यवस्था कर समितियों में नगद बिक्री शुरू करने, धान खरीदी के लिए पंजीयन एवं एग्रीस्टैक, पीवी व डीसीएस सहित सभी औपचारिक कार्यवाही 30 अक्टूबर तक पूर्ण करने और यदि औपचारिकता पूरी नहीं होती है तो पीवी एवं डीसीएस की अनिवार्यता स्थगित करने की मांग भी किसानों ने रखी है।



मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

क्रिकेट का महा संग्राम डीबीसीपीएल 4 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर तथा क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों के लिए डी. बी. चाम्पा प्रीमियर लीग सीजन 06 का आयोजन आगामी 4 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किया जायेगा. शहर की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय लीग का यह छठवां सीजन होग़ा, जिसमें करीब 24 दिनों तक क्रिकेट प्रेमियों पर लीग का खुमार छाया रहेगा।

- पत्रवार्ता में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने दी जानकारी

यह जानकारी एक पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि लीग को लेकर शहर के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। इस लीग के माध्यम से नगर की क्रिकेट प्रतिभाओं को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। स्पर्धा के आयोजन से नये युवाओं में क्रिकेट के प्रति रूचि और उत्साह बढाये जाने का प्रयास होग़ा जो आने वाले वर्षों में क्रिकेट के प्रति उन्माद बढाने में सहायक होग़ा। पदाधिकारियों ने बताया कि डी. बी. सी. पी. एल. जैसे बड़े मंच पर नगर की क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी बल्लेबाजी, गेंद बाजी क्षेत्र रक्षण के कौशल दिखाने के साथ साथ प्रतिस्पर्धात्मक स्तर में सुधार लाने में यह लीग सहायक होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार लीग में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज और क्षेत्ररक्षण के अलावा सर्वश्रेष्ठ कैच लेने वालों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। कुल मिलाकर इस वर्ष आगामी 4 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली डी. बी. सी. पी. एल. हर तरह से रोमांचक और पुरस्कारों के लिहाज से ज्यादा आकर्षयुक्त होगी। इस वर्ष डीबीसीपीएल के विजेता को 1 लाख 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं उपविजेता को 71 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की जाएगी। पत्रवार्ता के दौरान डी. बी. वेंचर्स के डायरेक्टर धीरेन्द्र बाजपेई, नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, पार्षद द्वय महेंद्र तिवारी, अशोक देवांगन, विधायक प्रतिनिधि आर. के. यादव, सुरेश देवांगन, धर्मेंद्र तिवारी सुदेश अहीर एवं राजीव नयन शुक्ला मौजूद थे।



पत्र वार्ता में जानकारी प्रदान करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

टेल एरिया तक नहीं पहुंच रहा पानी, किसानों ने कलेक्टर से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा-कुकदा क्षेत्र के टेल एरिया में पानी की एक-एक बूंद के लिए मच रहा हाहाकार अब बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी नहीं मिला, तो वे सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

गौरतलब है कि सोमवार 26 अक्टूबर को कुकदा क्षेत्र के सैकड़ों किसान एकजुट होकर भारी आक्रोश के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और पानी की मांग को लेकर एक बार फिर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- प्रशासन को दिया उग्र आंदोलन का अल्टीमेटम

किसानों का कहना है कि वे लगातार अपनी इस समस्या को लेकर आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद टेल एरिया तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर और अपनी जमा-पूंजी लगाकर खेतों में फसलें बोई थीं। उन्हें उम्मीद थी कि नहर के पानी से उनकी मेहनत रंग लाएगी, लेकिन कुकदा के टेल एरिया तक पहुंचते-पहुंचते पानी का प्रवाह पूरी तरह थम जाता है। पानी के अभाव में हरी-भरी फसलें पीली पड़कर सूख चुकी हैं। किसानों के लिए अपनी सूखी हुई फसलों को देखना किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। कलेक्टर कार्यालय पहुँचे किसानों का आरोप है कि वे पिछले कई हफ्तों से लगातार जिला कलेक्टर और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। पानी की मांग को लेकर पहले भी कई लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण सिर्फ कोरे आश्वासन ही हाथ लगे हैं। जमीन पर पानी की एक बूंद भी टेल एरिया तक नहीं पहुंचाई गई है, जिससे किसानों में रोष है। किसानों का कहना है कि फसलें सूख रही हैं, पानी छुड़वा दिया जाए, लेकिन अधिकारियों ने हर बार सिर्फ आश्वासन ही दिया। प्रशासनिक रवैये से त्रस्त होकर किसानों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के एसडीओ पी. के. तिवारी का कहना है कि नहर में भी पर्याप्त पानी आ रहा है। टेल एरिया में जो समस्या होती थी, उसके लिए सतत निगरानी कर रहे है। व्यवस्था बनाने लगातार काम हो रहा है।



अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की तैयारियों की समीक्षा, राहत-बचाव दलों को मुस्तैद रखने के निर्देश

चक्रवात के असर से बारिश के आसार, सक्ती जिला प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अर्नब चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 27 से 29 अक्टूबर तक बारिश की संभावना को देखते हुए राज्य शासन ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ बैठक कर आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में संभावित वर्षा के दौरान जनहानि रोकने तथा आम नागरिकों, किसानों, पशुधन और फसलों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सक्ती जिले में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन सहित संबंधित अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हिस्सा लिया। बैठक में अपर कलेक्टर केएस पैंकरा, अपर कलेक्टर नवीन भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखे जाएं और मौसम विभाग से जारी चेतावनियों की लगातार निगरानी की जाए। राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन, पंचायत, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखते हुए आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा गया है। निचले इलाकों, जलभराव वाले स्थानों और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां जरूरत के अनुसार राहत एवं बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, होमगार्ड और अन्य बचाव दलों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रखने तथा जलाशयों एवं बांधों के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा गया है। गर्भवती महिलाओं और मरीजों के लिए विशेष व्यवस्थाअपर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि संभावित बारिश के दौरान स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित न हों। 27 से 29 अक्टूबर के बीच प्रसव की संभावित तिथि वाली गर्भवती महिलाओं तथा अन्य गंभीर और जरूरतमंद मरीजों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि आपात स्थिति में उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।इसके साथ ही किसानों की फसलों, पशुधन और आमजन की सुरक्षा के लिए भी जरूरी एहतियाती कदम उठाने को कहा गया।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

